# भोले बाबा को समर्पित भाव अपने कीजिए

भोले बाबा को समर्पित,
भाव अपने कीजिए,
भक्ति शक्ति मुक्ति का,
वरदान इनसे लीजिए।
भोलें बाबा को समर्पित,
भाव अपने कीजिए।bd।

तर्ज – सारी दुनिया है दीवानी।

---

दिनों पर करते दया है,
शक्ति के भंडार वो,
हारे का बनते सहारा,
प्रार्थना तो कीजिए,
भोलें बाबा को समर्पित,
भाव अपने कीजिए।bd।

---

सबसे न्यारे सबके प्यारे,
बाबा भोले भाले हैं,
बैठकर शिव की शरण में,
गाना उनका कीजिए,
भोलें बाबा को समर्पित,
भाव अपने कीजिए।bd।

---

तन पे है मृग छाल सोहे,
गले में सर्पों की माला,
नंदी चढ़कर डमरू बजाए,
नाथ भी सुन लीजिए,
भोलें बाबा को समर्पित,
भाव अपने कीजिए।bd।

---

मन के मंदिर में जगे,
ज्योति सदाशिव नाम की,
‘श्याम’ श्रद्धा भाव अर्पित,
शिवचरण में कीजिए।
भोले बाबा को समर्पित,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

भोले बाबा को समर्पित,
भाव अपने कीजिए,
भक्ति शक्ति मुक्ति का,
वरदान इनसे लीजिए।
भोलें बाबा को समर्पित,
भाव अपने कीजिए।bd।

भजन लेखक – घनश्याम मिढ़ा।
भिवानी (हरियाणा)
मोबाइल नंबर 9034 121 523

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com